## न्यूज डायरी



### बीजिंग में तीन दिन की तालाबंदी करने की खबरों का चीन ने किया खंडन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन में इन दिनों कोरोना वायरस का प्रकोप अपने चरम पर हैं। देश महामारी के बुरे दौर का सामना कर रहा है। आए दिन कोविड–19 के नए मामले देश की स्वास्थ्य प्रणाली पर गहरा असर डाल रहे हैं। ऐसे में चीन वायरस के बढ़ते प्रसार को रोकने में लगा हुआ है। इस बीच चीन ने बीजिंग में तीन दिनों के तालाबंदी की खबरों का खंडन किया है। लाकडाउन अफवाहों को स्पष्ट करते हुए अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि बड़ी संख्या में निवासियों ने भोजन जमा करने के लिए चीन में सुपरमार्केट में पानी भर दिया है। देश में तीन दिन की तालाबंदी का खंडन करते हुए अधिकारियों ने आगे कहा कि स्थानीय लोगों को अगले तीन दिनों में घर पर रहने और न्यूक्लिक एसिड परीक्षण करने की सलाह दी जाती है। बीजिंग स्वास्थ्य प्राधिकरण के एक अधिकारी पैंग जिंगहुओ ने कहा कि बीजिंग ने पिछले 24 घंटों में 36 कोविड–19 संक्रमणों की सूचना दी।

### भारतीय उच्चायुक्त ने श्रीलंका के नए पीएम विक्रमसिंघे से की मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलोंबो। श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले ने कोलंबो में श्रीलंका के नवनियुक्त प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की। रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात के बाद गोपाल बागले ने देश की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। रानिल विक्रमसिंघे उस वक्त श्रीलंका के प्रधानमंत्री बने है जब देश की अर्थव्यवस्था डूबी हुई है और राजनितिक उथल–पुथल चरम पर है। 73 वर्षीय विक्रमसिंघे ने गुरुवार को श्रीलंका के 26वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। गुरुवार को शपथ लेने शुक्रवार को रानिल विक्रमसिंघे ने बतौर पीएम अपना कार्यभार संभाला। विक्रमसिंघे ने कहा कि वह भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि बागले ने शुक्रवार को विक्रमसिंघे के कार्यालय में कार्यभार संभालने के तुरंत बाद उनसे मुलाकात की। उन्होंने चल रहे आर्थिक संकट के बीच देश में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की।

### रानिल विक्रमसिंघे का पीएम मोदी से वादा, दिया धन्यवाद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। श्रीलंका के नए प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने कहा है कि वह भारत के साथ रिश्ते मजबूत करने को लेकर आशान्वित हैं। यही नहीं भीषण आर्थिक संकट में फंसे श्रीलंका की वित्तीय मदद के लिए रानिल विक्रमसिंघे ने पीएम मोदी को धन्यवाद दिया। कर्ज और गंभीर राजनीतिक संकट में फंसे श्रीलंका में महिंदा राजपक्षे के इस्तीफा देने के बाद विक्रमसिंघे ने गुरुवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। विक्रमसिंघे ने कहा कि मैं भारत के साथ एक करीबी रिश्ता बनाना चाहता हूं। भारत के अरबों डॉलर की मदद की ओर इशारा करते हुए विक्रमसिंघे ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं। भारत ने कर्ज से जूझ रहे श्रीलंका की मदद के लिए 3 अरब डॉलर से ज्यादा के लोन, क्रेडिट लाइन और क्रेडिट स्वैप का वादा किया है। विक्रमसिंघे 6वीं बार श्रीलंका के प्रधानमंत्री बने हैं।

### दुनिया का सबसे बड़ा सफेद हीरा हुआ नीलाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जेनेवा। दुनिया का सबसे बड़ा सफेद हीरा द रॉक आखिरकार बिक गया है। इसकी नीलामी 18.8 मिलियन डॉलर (लगभग डेढ़ अरब रुपये) में हुई। 228.31 कैरेट का यह अद्भुत हीरा 2000 के दशक की शुरुआत में खान से निकाला गया। हालांकि, ये अद्भुत हीरा किसे बेचा गया, इसकी जानकारी आयोजकों ने नहीं दी है। करोड़ों की कीमत वाला हीरा 228.31 कैरेट का है। इस हीरे के तीन खरीदार अमेरिका के और दो अन्य मिडिल ईस्ट के रहने वाले थे। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, ये हीरा 2000 के दशक की शुरुआत में खान से निकाला गया था। पहले ये हीरा एक ज्वेलरी कलेक्शन करने वाले शख्स के पास था। जिसने इससे नेकलेस में लगा दिया था, फिर आठ साल के बाद उसने इस हीरे को बेचने का फैसला किया। जेनेवा में मौजूद क्रिस्टी ज्वेलरी के स्पेशलिस्ट मैक्स फॉकेट ने बताया कि ये हीरा दुनिया में काफी दुर्लभ है।

# रूस के हमले से निपटने के लिए जापान ने तेज किए रक्षा समझौते

**समझौता**

## जापान ने ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, थाइलैंड के साथ किया रक्षा समझौता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टोक्यो। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद अब जापान को भी व्लादिमीर पुतिन के कहर का डर सताने लगा है। जापान और रूस के बीच द्वीपों को लेकर सीमा विवाद चल रहा है और अक्सर तनातनी की खबरें आती रहती हैं। पूर्वी एशिया में अमेरिका का घनिष्ठ सहयोगी देश जापान अब गुपचुप तरीके से अपने दोस्तों के साथ सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने में जुट गया है। जापान ने 6 मई को ब्रिटेन के साथ अचानक से रक्षा समझौते का ऐलान किया। इससे पहले उसने इसी तरह का रक्षा समझौता जनवरी महीने में ऑस्ट्रेलिया के साथ किया था। इस तरह से जापान अपनी रक्षा के लिए पूर्वी एशिया में अपना नाटो बनाने में जुट गया है। यही नहीं जापान अब दक्षिण पूर्व एशिया की तरफ भी अपने कदम बढ़ा रहा है। जापान ने 2 मई को थाइलैंड के साथ एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किया था। जापान के



प्रधानमंत्री फूमिओ किशिदा ने पिछले हफ्ते लंदन में चेतावनी दी थी कि यूक्रेन की तरह से कल को पूर्वी एशिया का भी यही हाल हो सकता है। रूस का आक्रामक अभियान केवल यूरोप के लिए मुद्दा नहीं है। हिंद–प्रशांत का इलाका भी दांव पर लगा है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में पूर्वी एशियाई मामलों के विशेषज्ञ डेन स्नेइडर ने कहा, जापान सुरक्षा के मामले में इतना ज्यादा व्यस्त है कि जितना मैंने पहले कभी नहीं देखा था।

रूस के खिलाफ यूक्रेन को हथियारों की सप्लाइ को लेकर अमेरिका की ओर से जर्मनी में बुलाए गए सम्मेलन में सिंगापुर और दक्षिण कोरिया के साथ जापान भी शामिल हुआ था। जापानी प्रधानमंत्री ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के साथ बातचीत शुरू की है और जापानी अधिकारी के मुताबिक इस रक्षा समझौते से नीतियों में सुधार होगा, संयुक्त अभियान चलाने के लिए कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रिया बनेगी और अभ्यास होंगे। ब्रिटेन और जापान दोनों ही अपनी सैन्य ताकत को बढ़ा रहे हैं। ब्रिटेन नए एफ–35 फाइटर जेट का इस्तेमाल करता है, जो पहले से जापान के पास है। वहीं जापान भी अपने दो युद्धपोतों को एयरक्राफ्ट कैरियर में बदल रहा है।

जापान और ब्रिटेन दोनों ही हिंद प्रशांत क्षेत्र को स्वतंत्र और मुक्त बनाए रखने पर काम कर रहे हैं। जापान इसी तरह का समझौता ऑस्ट्रेलिया के साथ कर चुका है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिटेन और अमेरिका के साथ मिलकर ऑकस सैन्य समझौता किया था। इस समझौते के बाद अब ऑस्ट्रेलिया को अत्याधुनिक परमाणु पनडुब्बी मिलेगी। इसके अलावा जापानी पीएम किशिदा ने दो मई को थाइलैंड के साथ एक समझौता किया है जिससे वह बैंकाक को अत्याधुनिक रक्षा उपकरण और तकनीकी देगा। जापान का अभी मलेशिया, इंडोनेशिया और फिलीपीन्स के साथ भी रक्षा समझौते करने की योजना है।

# पाकिस्तान में नहीं होंगे ईवीएम से चुनाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। पाकिस्तान में होने वाले आम चुनाव में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। गुरुवार को मीडिया को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के गृह मंत्री राणा सनाउल्लाह ने कहा कि मौजूदा सरकार ने तय किया है कि पाकिस्तान में होने वाले आम चुनाव में ईवीएम का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

बता दें कि लंदन में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और संघीय मंत्रियों की पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ से मुलाकात हुई थी। यह मुलाकात नवाज शरीफ के बेटे हुसैन नवाज के लंदन स्थित घर पर हुई थी। प्रधानमंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल के नवाज शरीफ से मिलने के लिए लंदन जाने के बाद यह दूसरी मुलाकात थी। गौरतलब है कि इस बैठक के बाद यह फैसला लिया गया है।

बैठक में यह तय किया गया फिलहाल पाकिस्तान के लोगों को आर्थिक राहत प्रदान करना ही मौजूदा सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। बता दें कि इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ लगातार इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों पर सवाल उठा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान लगातार देश में जल्द से जल्द आम चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं।



आग की गेंद ने आधी रात को उड़ाई पूरे ब्रिटेन की नींद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन के आसमान में गुरुवार को एक विशालकाय श्आग की गेंदश नजर आई। आधी रात के बाद ब्रिटेन के दक्षिण पश्चिम इलाके में जलता हुआ उल्कापिंड देखा गया जो साउथ वेल्स, हरफोर्डशायर और वेस्ट ससेक्स में नजर आया। UK Meteor Network ने कहा कि इस जलती हुई गेंद को आधी रात के बाद उसके 15 कैमरों ने देखा। यूकेएमओएन के पास 153 कैमरों का एक बड़ा नेटवर्क है जो ब्रिटेन के आसमान में आग की गेंदों और उल्कापिंडों को रिकॉर्ड कर सकते हैं।

# पाकिस्तानी सांसद का न्यूड वीडियो लीक, ड्रग्स लेते दिखे आमिर लियाकत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। इमरान खान की पार्टी पीटीआई के सदस्य रह चुके पाकिस्तानी सांसद आमिर लियाकत का न्यूड वीडियो लीक हो गया है। यह वीडियो आमिर के बेडरूम का है जिसमें वह आइस ड्रग्स लेते नजर आ रहे हैं। इस बीच आमिर ने अपने न्यूड वीडियो के लीक होने पर अपनी तीसरी पत्नी दानिया मलिक पर भड़ास निकाली है। आमिर की तीसरी पत्नी दानिया मलिक उनसे आधी उम्र की हैं और हाल ही में उन्होंने तलाक के लिए अर्जी दाखिल की है।

दानिया ने आमिर के वीडियो को लीक करते हुए दावा किया

#### तीसरी पत्नी दानिया पर भड़ास निकाली

कि उनके पति आइस ड्रग्स लेते हैं। उधर, इस आपत्तिजनक वीडियो पर आमिर लियाकत ने दावा किया है कि यह पूरी तरह से झूठा है क्योंकि दानिया यह नहीं बता पाईं कि किसने कमरे के अंदर इस वीडियो को रेकॉर्ड किया था। आमिर ने दानिया के इंटरव्यू का वीडियो भी शेयर किया है। दानिया ने तलाक की अर्जी देने के बाद अपना नाम भी दानिया आमिर से दानिया मलिक कर लिया है।

**अभी 49 साल के हैं आमिर लियाकत हुसैनः** दानिया ने वीडियो में जोर देकर कहा, कृपया इस सवाल पर ध्यान न दें। यह मेरा निजी मामला है और मैं यह नहीं बता सकती हूं कि किसने यह वीडियो दिया है या किसने यह मेरे लिए बनाया है। उधर, अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में आमिर ने कहा, दानिया ने वीडियो में फर्जीवाड़ा किया है लेकिन उन्हें यह पता नहीं था कि फुट थंब उन्हें सबके सामने उजागर कर देगा। आमिर लियाकत हुसैन अभी 49 साल के हैं और उनकी नई बेगम सईदा दानिया शाह मात्र 18 साल की हैं। इससे पहले आमिर लियाकत हुसैन ने शादी के समय अपनी तीसरी पत्नी की जमकर तारीफ की थी। आमिर ने लिखा था कि सईदा दक्षिणी पंजाब के सम्मानित नजीब उत तारफैन सादात परिवार से हैं। लियाकत हुसैन की इस शादी से पाकिस्तानी हैरान थे।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन का पश्चिमी देशों पर कटाक्ष

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मास्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिमी देशों पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में की जा रही रूस की कार्रवाई के बाद पश्चिमी देशों द्वारा मास्को पर लगाए गए प्रतिबंधों से वह खुद बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। आर्थिक मुद्दों पर एक बैठक में पुतिन ने कहा कि कई देश पहले से ही भूख के खतरों का सामना कर रहे हैं और यदि रूस के खिलाफ प्रतिबंध ऐसे ही जारी रहते हैं तो यूरोपीय संघ (ईयू) को भी ऐसे परिणामों का सामना करना पड़ सकता है जिन्हें पलटना मुश्किल होगा। स्थानीय न्यूज एजेंसी टास के अनुसार रूसी नेता ने कहा कि इस युद्ध से विश्व को हो रहे नुकसान के लिए पूरी तरह से पश्चिमी देशों का एक बड़ा वर्ग दोषी है, जो अपने वैश्विक प्रभुत्व को बनाए रखने के लिए बाकी दुनिया का त्याग करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन पर रूसी हमले से वैश्विक आर्थिक व्यवधान पैदा होना सरासर झूठ है, इसके लिए केवल पश्चिमी देशों के प्रतिबंध जिम्मेदार हैं।